# मीना बाजार हुआ गुलजार

## रमजान शरीफ का पाक महीना अब अंतिम दौर में प्रवेश



जबलपुर।

रमजान शरीफ में मछली मार्केट, नालबंद मोहल्ला, चारखंबा, बहोराबाग से रजा चौक तक लगने वाला मीना बाजार अब गुलजार हो गया है। रमजान शरीफ का पाक महीना अब अंतिम दौर में प्रवेश कर चुका है इसी के चलते अब ईद की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इबादत के साथ अब खरीदारी करने मुस्लिम समुदाय की बुर्का पहनी हुई महिलाएं व नौजवान मीना बाजार खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। दोपहर से शुरू होते हुए मीना बाजार में रात्रिकालीन तरावीह की नमाज के बाद मीना बाजार में जनसैलाब उमड़ रहा है। ईद की मीठी सेवाईयों के अलावा देश, विदेश के खुशबूदार इत्र, रंग-बिरंगे सलवार सूट, कुर्ता-पायजामा की अनेक वेरायटी एवं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की हर जरूरत की दुकानें सजाई गई हैं। मीना बाजार में तरह-तरह के लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं जिसका लुत्फ भी खरीदारी करने वाले उठा रहे हैं।

वरिष्ठ समाजसेवी मतीन अंसारी ने बताया कि मीना बाजार में सभी धर्म, जाति एवं आस-पास के जिलों, ग्रामीण क्षेत्र से लोग खरीदारी करने आते हैं। इस मीना बाजार का इतिहास बहुत पुराना है, मुगलकालीन मीना बाजार आगरा, दिल्ली में भी लगता था। जबलपुर में यही मीना बाजार संस्कारधानी की गंगा-जमुनी तहजीब को संजोए आज भी जारी है। मतीन अंसारी और साथियों द्वारा खरीदी करने आए हुए लोगों को पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था एवं स्पीकर के माध्यम से कंट्रोलिंग की जाती है, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। मुस्लिम समुदाय के हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, पप्पू वसीम खान, बाबा रिजवान, हाजी मुईन खान, जमा खान, तालिब हुसैन पत्रकार, याकूब अंसारी, आमीन कुरैशी, प्यारे साहब, ताहिर खान, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, अकबर खान सरवर, हाजी तौसीफ़ रज़ा, शमीम अंसारी गुडडू, अशरफ मंसूरी, जवाहर कादरी, अशरफ राईन आदि ने मीना बाजार में सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त महिला पुलिस बल की मांग की है।

**आगा दरगाह**- मौलाए कायनात हजरत अली की शहादत के मौके पर आज आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में विशाल रोजे अफ़्तार का एहतमाम किया गया। बाद नमाज असर मौलाए कायनात हजरत अली रदी. की न्याज पेश की गई। मगरिब के समय विशाल अफ़्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। दरगाह शरीफ के मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेक्रेट्री रफीक खान, साबिर अली ने तमाम शिरकत किए रोज़ेदारों का शुक्रिया अदा किया।

## भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत को नमन कर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जबलपुर**। भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा भगत सिंह चौक कटंगा में उनकी प्रतिमा पर अरदास कर उनके चरणों में नमन, माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर युवा विचार मंच के अध्यक्ष तजिंदर सिंह टीटू, सचिव डिम्पी बिन्द्रा, काके आनंद, रजिंदर सिंह चावड़ा, रवीन्द्र सिंह चायना, हरजीत सिंह, प्रिंस सजूला, कलसी जी, एन्ड्रयू थामस, रवि ठाकुर, सतीश राजपूत, बिल्लू वीर आदि उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी ने भी मनाई पुण्यतिथि



**जबलपुर**। आम आदमी पार्टी जबलपुर इकाई द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम कटंगा क्रॉसिंग जबलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रामकिशोर शिवहरे, राजेश वर्मा, ओम बाबू जांगिड़, आदेश दुबे, सुनील रजक, महेश भलावी, गिरीश मराठा, गेंदालाल चौधरी, मदन शर्मा, प्रवीन परसाई, भूपेंद्र दुबे, जगदीश माली, आनंद काला, चिंटू पंडित, हरप्रीत सिंह, सुधीर खरे, टीएन त्रिपाठी, ब्रजेश चतुर्वेदी, मनोहर लाल जाटव, पंचम झा, देवी सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रादुविवि में भी बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर**। इतिहास विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा 'बलिदान दिवस' कार्यक्रम 22 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध इतिहासविद् प्रोफेसर अलकेश चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि से हुआ। मुख्य अतिथि ने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान को रेखांकित करते हुए सभा में मार्मिक चित्रण उपस्थित किया। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में वीर ही बलिदान दिया करते हैं। राष्ट्र प्रेम का ऐसा उदाहरण विश्व इतिहास में कहीं नहीं मिलता जहां मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाते हुए उन्होंने अपने प्राणों को भारत माता के चरणों में न्यौछावर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर विवेक मिश्र ने की। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर विवेक मिश्र ने कहा कि युवाओं को वीर शहीदों से प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजुल अग्रवाल तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शालिनी दोहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीपा उपाध्याय, डॉ. शेफाली गढ़वाल, डॉ. मुक्ति मिश्रा, डॉ. प्रवेश पांडे, डॉ. हरीश यादव, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. आशीष, डॉ. हेमा, हिमांशु आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## यादव महासमा का परिचय सम्मेलन व होली मिलन सम्पन्न

**जबलपुर**। अखिल भारतवर्षीय यादव महासमा जबलपुर के द्वारा 23 मार्च 2025 रविवार को विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन महेश भवन गोपालबाग दमोहनाका में आयोजित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव द्वारा की गई। परिचय सम्मेलन में लगभग 250 बायोडाटा युवक, युवतियों के प्राप्त हुए है जिनका आगामी कार्यक्रम में पत्रिका द्वारा विमोचन किया जायेगा, परिचय सम्मेलन में कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, उमरिया, मंडला, घंसौर, गोटेगांव, सागर और जबलपुर संभाग एवं प्रदेश के अन्य जिलों से स्वजातीय बंधु उपस्थित हुये। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच पर आकर दिया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें मथुरा, वृंदावन की श्रीकृष्ण-राधा पर रासलीला, फूलों की होली जैसे आयोजन किये गये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण से लोग उपस्थित हुए। मंच का संचालन टीकेन्द्र यादव के द्वारा किया गया, आभार शशांक यादव के द्वारा किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सुभाष यादव के द्वारा आयोजित किया गया, कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, शहर अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, ग्रामीण अध्यक्ष राममिलन यादव, महिला शहर अध्यक्ष तृप्ति यादव, महिला ग्रामीण अध्यक्ष उमेदा यादव, प्रदेश महिला महासचिव कमलेश यादव, युवा शहर अध्यक्ष शशांक यादव, ग्रामीण अध्यक्ष सर्वेश यादव, पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शारदा यादव, प्रदीप यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष, शिव यादव, सुभाष यादव, मनोज यादव, परमू यादव, विजय यादव, प्रभा यादव, हेमलता यादव, विजय सिंह यादव, चैनसिंह यादव, पीएल यादव, विनय यादव, आरपी यादव, शारदा यादव, चंदन यादव, मुकेश यादव पूर्व पार्षद, प्रदीप यादव पूर्व पार्षद, रितु राजेश यादव पार्षद, रीना, ऋषि यादव पार्षद, गार्गी रामकुमार यादव पार्षद, पंचम यादव, दादूराम यादव, कमलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### संत नामदेव समाज ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



**जबलपुर**। संत नामदेव समाज समिति मनमोहन नगर जबलपुर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिसमें में महिलाओं द्वारा आगामी प्रोग्राम कि चर्चा हुई समाज कि मातृशक्ति द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुधीर नामदेव अध्यक्ष, संदीप कौशल नरेश, जीएल नामदेव, नितिन, सुनील, सुभाष, जीएल, नामदेव, दीपक नामदेव, डॉ. बीपी नामदेव सहित महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सविता नामदेव, वीणा,किरण कौशल, किरण धुराटिया, कल्पना, निशा, प्रतिभा, मंजू कांता, ज्योति, मिथलेश, समस्त नामदेव परिवार उपस्थित रहे।

## एलसीसी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता सिंधी प्रीमियर लीग का आयोजन



**जबलपुर**। लालसाई झूलेलाल के अवतरण दिवस एवं सिंधी नववर्ष चेट्रीचंड्र के अवसर पर एलसीसी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता सिंधी प्रीमियर लीग का पांचवां संस्करण स्थानीय रानीताल स्टेडियम में 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें तीसरे दिन शनिवार को पहला मैच ब्लैक विलबर और स्पोर्ट्स ग्रुप के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक विलबर ने 5 विकेट गंवाते हुए 92 रन बनाए, टीम के आयुष ने सर्वाधिक 19 बॉल पर 36 रन बनाए एवं निखिल जैसवानी ने 24 रन देते हुए 3 विकेट लिए, इसके साथ ही लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम स्पोर्ट्स ग्रुप- 6 विकेट गंवाते हुए 75 रन ही बना पाई। जिसमें टीम के मनीष आहूजा ने 18 बॉल पर 28 रन बनाए, वहीं इनकी टीम के बॉलर आयुष बुद्धरानी ने 1 ओवर में 6 रन देते हुए 2 विकेट लिए थे। इसी तरह टीम विलबर ने 17 रन से यह मैच जीत लिया। मैच में आयुष को मैन ऑफ़ द मैच का खिताब दिया गया। इसी प्रकार दूसरा मैच टीम जेआरएल टाइटैंस और राजेश रेनोस के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम राजेश रेनोस ने 6 विकेट खोकर 76 रन बनाए, जिसमें टीम के आशीष नानवानी ने सर्वाधिक 21 बॉल पर 40 रन एवं टीम के बॉलर कलश ने 2 ओवर में 13 रन देते हुए 2 विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करते हुए जेआरएल टाइटैंस 8 विकेट खोकर 73 रन ही बना पाई। जिसमें टीम के हनी टेकचंदानी ने 17 गेंद पर 36 रन बनाए एवं बॉलर सौरभ तरदेजा ने 2 ओवर में 24 रन देते हुए 3 विकेट लिए। इस प्रकार दूसरा मुकाबला टीम रेनोस ने 3 रन से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ़ द मैच का खिताब आशीष नानवानी को दिया गया। सिंधी प्रीमियर लीग द्वारा रोजाना प्रतिदिन 6 मैच खेले जा रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के सदस्य कमल कलवानी, रिंकू गोगिया, विनोद कलवानी, दीपक छगानी, सुनील जैसवानी, गोविंद मूलचंदानी, अजय लालवानी,

## धूमधाम से मनाया रंगपंचमी उत्सव

जबलपुर।

कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने रंगपंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया। पुष्प वर्षा कर गुलाल का तिलक, वरिष्ठों का सम्मान माला पहनाकर किया गया। कौमी एकता का संदेश देते, ढोल धमाकों के साथ नगर भ्रमण करते हुए व्यापारियों से मिलते रहे, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, धनंजय बाजपेई ने संयुक्त रूप से कहा कि होली मिलन भारतीय संस्कृति रंगों में आदमीयत को जन्म देती है गंगा जमुना तहजीब हमारी संस्कृति की जीवनधारा है, समरसता भारत का प्रतीक है, मौलाना सुनी सुलतानी बाबा ने कहा कि हमारे पूर्वज एक थे, होली जीवन में रंग भरता है। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई, अमरीश मिश्रा, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, सीताराम कुरचानिया, डॉ. अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, आरएस पांडे, आनंद मोहन शर्मा, निशांत शर्मा, विजय साहू, ताराचंद राय, राकेश चक्रवर्ती, आनंद गुप्ता, सुरेश सोनी, सुरेंद्र असाटी, मुन्ना लाल दुबे, विकास सेन, राहुल सेन, सूरज द्विवेदी, संतोष गुप्ता, विवेक कोहली, राजा खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर में 310 लोगों की हुई जांच



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के द्वारा संचालित संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र जिला चिकित्सालय विक्टोरिया से जिला नोडल **TB and HIV** अधिकारी डॉ. संतोष सिंह ठाकुर और दिशा टीम के मार्गदर्शन और सहयोग से गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय विक्टोरिया से डॉ. प्रतीक मिश्रा (नेत्र चिकित्सक), डॉ. सुलभ अग्रवाल (दंत चिकित्सक), विभा उपाध्याय (**Counsler**), संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र से शारदा मेहरा (**SSM**), सार्थक मिश्रा (**orw**), प्रवीन (**orw**), अंजू पटेल (**NO**), वीरेन्द्र लोधी (**NO**), मधु लोधी (आभा **ID**), अजय यादव (आभा **ID**), वीरेन्द्र चंदेल (नेत्र तकनीशियन), **hitesh** (आयुष्मान) उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में 310 लोगों की उपस्थिति रही जिसमें निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराईं गई। **HIV/ VDRL/** हेपटाइटिस सी, हेपटाइटिस सी/ **Sugar/ HB/** आभा **ID/** आयुष्मान कार्ड/ जनरल परामर्श/ जनरल दवाइयां आदि सुविधाएँ उपलब्ध करायी गयी। मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समाज सेवक **bablu shard Namdev** के द्वारा किया जिसमें पूर्व विधायक विनय सक्सेना, हर्षित यादव (पार्षद), भरत प्रताप **singh** (मानव अधिकार संगठन) अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, विकास पांडे, अमित दुबे, राकेश पांडा, अरविंद विश्वकर्मा, पप्पू पवैया, अखिलेश नामदेव, सुनील मराठी, सुरेन्द्र ठाकुर, डीके महाराज, जूगन्न अग्रवाल का सहयोग रहा।

## फाग और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा

### रंग गुलाल और तिलक वंदन कर दी होली की शुभकामनाएं




**जबलपुर**। यादव महासभा जबलपुर एवं सर्व समाज संगठन का भव्य होली मिलन का कार्यक्रम सिंधी धर्मशाला घंटाघर में आयोजित हुआ, जिसमें सभी वर्गों ने हिस्सा लेते हुए एक दूसरे को तिलक-वंदन कर और रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकमानाएं दी। इस दौरान फाग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समा बांध दिया और आयोजन स्थल पर मौजूद तमामजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।आयोजन के दौरान यादव महासभा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, विधायक अशोक रोहाणी, लखन घनघोरिया, अभिलाष पांडे, भाजपा नगराध्यक्ष रत्नेश सोनकर, निगमाध्यक्ष रिंकुज विज, संभाग अध्यक्ष विजय यादव, यादव महासभा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड्डा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मोहन यादव, शहर अध्यक्ष मनोज यादव, संजय यादव, महिला शहर अध्यक्ष कंचन यादव, मोहन यादव, चंद्रपाल यादव चंदू, असित रिंकू यादव, शहर युवा अध्यक्ष विनय यादव, बालबोध यादव, डेलन यादव, भद्दी यादव, बसंत यादव, रजनी यादव, रामकृष्ण यादव, जनपद सदस्य गणेश यादव, गोलू यादव, विक्की यादव, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे।

## विश्व जल संरक्षण दिवस पर स्काउट गाइड को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**जबलपुर**। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य मुख्यालय के आदेशानुसार जिला संघ जबलपुर के क्लैप क्लब के द्वारा ललित कुमार मिश्रा सहायक राज्य संगठन आयुक्त संभाग जबलपुर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डॉ. विजयकांत तिवारी जिला मुख्य आयुक्त जिला जबलपुर, व्ही.के. झारिया जिला सचिव, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रोजेक्ट CLAP राहुल राजपूत के निर्देशनुसार विश्व जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य पर स्काउट एवं गाइड द्वारा हैंडवॉश की एक्टिविटी SUMANK के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण का सन्देश देते हुए एक्ट के माध्यम से विभिन्न विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षित करने के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर, सेंट नॉरबर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल नेपियर टाउन, डब्ल्यूएसईसी स्कूल रेलवे जबलपुर ने अपने अपने विद्यालय में सभी को जागरूक किया, जिसमें गाइड कैप्टन किरण येवले, शुभांगी शर्मा, राशिका द्विवेदी, शुभम ठाकुर का सहयोग रहा। आज के कार्यक्रम में लगभग 50 क्लैप क्लब के मेंबर्स ने प्रतिभागिता की।



## वरिष्ठ पेंशनर्स सदस्यों का किया अभिनंदन

**जबलपुर**। एमईएस (सैन्य अभियंता सेवाएं) सिविलियन पेंशनर्स एसोसियेशन जबलपुर शाखा की बैठक 23 मार्च को सदर कॉफी हाउस में आयोजित की गई, जिसमें 75 वर्ष के वरिष्ठ सदस्यों रामदयाल भारती, केके रत्ना, एमके शर्मा, श्रीमती अन्ना पीएम एवं सरला रानी का अभिनंदन किया गया। बैठक में अध्यक्ष एसपी मुखी, उपाध्यक्ष जीएस मैनी, मंत्री एनके दास, कोषाध्यक्ष जीडी गुप्ता, सदस्यगण टीके बोस, आरके सहरल, कान्दरा प्रदीप एवं श्री टंडन सम्मिलित रहे। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का चुनाव एवं केन्द्र सरकार की पेंशन नीतियों पर परिचर्चा हुई।

# किस्से हैं, बाते हैं, यादें हैं.... बातें भूल जाती हैं, यादें याद आती हैं....

## जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को दी भावभीनी विदाई

### माता गुजरी महिला महाविद्यालय में सीनियर छात्राओं की फेयरवेल पार्टी आयोजित




**जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग द्वारा 21 मार्च 2025 को बीकॉम बीबीए एमकॉम अंतिम वर्ष/ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के डायरेक्टर सुनील कुमार पाहवा, रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुररिया, विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार जैन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर मीता श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा के द्वारा किया गया । उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की जीवन, भविष्य में सरल और कठिन संभावनाओं की भूमिका निभाता है। शिक्षा के द्वारा हम आने वाली चुनौतियों का सामना करते हैं हमारे अनुभव हमें सकारात्मक लाते हैं। आप सभी को उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं। इसी तारतम्य में छात्राओं ने कहा कि महाविद्यालय का यह सफर हमेशा याद रहेगा। यहां हमने केवल शिक्षा ही नहीं हासिल की है, बल्कि हमारे प्रिय प्राध्यापकों द्वारा सफल जीवन जीने हेतु मार्गदर्शन भी प्राप्त किया है। एक छात्रा ने कहा कि मेरे महाविद्यालय का वातावरण खुशनुमा है जहां हमने खूब खुलकर दोस्तों के साथ मिलकर मौज-मस्ती की। छात्राओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञापन- पहचानों तो जानें, तंबोला, सरप्राइज गेम्स एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन खेलों में छात्राओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया एवं विभिन्न पुरस्कार भी जीते। मिस फेयरवेल महक कलवानी, मिस मैनेजमेंट पूर्णिमा जैन, मिस पर्सनालिटी पलक अग्रवाल, मिस रेगुलर रुचि गुप्ता, प्रिया पांडे रहीं। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम की छात्राओं उमा विश्वकर्मा, वैष्णवी रैकवार, अनुशा सोनी, संजना लोधी, छवि झरिया, ऊषा विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के तकनीकी संचालन में डॉ. गणेश दुबे, प्रियंका आनंद, कांची लालन एवं हर्षिता चौरसिया का विशिष्ट सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. जयश्री जैन, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. श्रुति पुंज, डॉ. अरुणा पाठक, डॉ. स्मृति खुरासिया, डॉ. सपना शर्मा एवं वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

## लोक संस्कृति को जीवित रखने फाग और नृत्यों ने बांधा समां



**जबलपुर।** भारतीय लोक संस्कृति को संरक्षित रखने लोकगीत गायन एवं अन्य कलाओं से समाज को जोड़ना आवश्यक है, आज के समय विलुप्त होती प्राचीन लोक संस्कृति जिसमें लोक गीत, लोक नृत्य, लोक चित्रकारी, खान-पान, पहनावा विलुप्त हो रहा है, इस विलुप्त होती संस्कृति को संरक्षित करना हम सभी का उत्तरदातिव्य है, इंटैक संस्कृति एवं धरोहर के संरक्षण में प्रयासरत है जिसमें नर्मदा कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जैसी संस्थायें बखूबी अपना अहम रोल अदा कर सहभागी बन रही हैं। इंटैक, भारतीय संस्कृति न्यास जबलपुर चैप्टर, गुंजन कला सदन एवं नार्मदा कॉलेज आफ एक्सीलेंस के संयुक्त तत्वावधान में विजय नगर स्थित महाविद्यालय प्रांगण पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने उक्त विचार रखे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ श्रीमती चित्रा देवी माहेश्वरी, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. संजय मेहरोत्रा, सुनीति माहेश्वरी, विजय जायसवाल, संजय जैन दीपी, हिमरेश तिवारी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया, अतिथियों का स्वागत रमाकांत गौतम, कौशल यादव, अभिषेक अग्रवाल, मोती शिवहरे ने किया, इस अवसर पर सुनीति माहेश्वरी ने फाग गायन पर चर्चा करते हुए आयोजन पर प्रकाश डाला, श्रीमती चित्रा देवी माहेश्वरी, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. संजय मेहरोत्रा, सुनीति माहेश्वरी, विजय जायसवाल, संजय जैन दीपी, हिमरेश तिवारी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव भारतीय चित्रकार पिसर्वो सहित पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया, इंदिरा पाठक तिवारी, शिक्षाविद डॉ. वंदना पांडेय, भारती साहा, अभय जैन, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. सत्येन्द्र पाठक, नलिनकांत वाजपेयी का मोतियों की माला से स्वागत किया गया, ग्राम मनकेडी की सरस्वती फाग टीम के सदस्यों ने फाग गायन से समां बाँध दिया, महाविद्यालय की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किये, मोमेंटो प्रदान कर सभी कलाकार सम्मानित किए गए, संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक ने तथा आभार नवनीत माहेश्वरी ने व्यक्त किया।